Apply for NIELIT 'O' Level Course Free to OBC Candidates, Last Date: 20 June 2022

Eligibility:

- Minimum Qualification: 10+2,
- Residence of Varanasi District,
- Family Annual Income<1.0 Lac,
- Not Getting Scholarship from any Educational Institution

Link to fill form: http://www.obccomputertraining.upsdc.gov.in/index.aspx

निःशुल्क प्रेस विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए निःशुल्क 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। इसमें ऐसे आवेदक पात्र होगें जो इण्टरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण होगें एवं उनकी वार्षिक आय रू0 1,00,000=00 (धनराशि रू0 एक लाख) से कम होगी और प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए व जनपद का मूल निवासी हो एवं प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों का चयन कक्षा 12 के प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा। **समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि 07 जून, 2022 से 20 जून, 2022 तक आवेदन किया जायेगा।**

अतः इच्छुक पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र आनलाईन वेबसाईट पर www.obccomputertraining.upsdc.gov.in अथवा backwardwelfareup.in पर **दिनांक 20 जून, 2022 तक भरा जा सकता है।** ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति की प्रिण्ट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/विवरणों (आय/जाति/आधार व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को स्वप्रमाणित करते हुए, उसकी समस्त हार्डकॉपी दो प्रतियों में कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजीपुर में विलम्बतम् दिनांक 20 जून, 2022 तक सायं 05:00 बजे तक जमा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय–जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजीपुर में सम्पर्क करें।

(नरेन्द्र विश्वकर्मा)
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी
गाजीपुर

कार्यालय–जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजीपुर

पत्रांक